स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 20.04.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ शहर की सफाई जनभागीदारी से पुरा हो सकता है सफाई के कार्य को जनता से जोड़ने के लिए स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता सुपरवाईजर, तथा स्वच्छता मित्रों के मोबाईल नम्बर एवं नाम लोगों की बीच प्रसारित हो ताकि नागरिक घर–घर से निकलने वाले कचरे में आने वाले अवरोध की जानकारी उच्च स्तर को पहूंचा सके। महापौर देवेन्द्र यादव, महापौर परिषद के स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने महापौर कक्ष में निगम के स्वास्थ्य अमले की बैठक लेकर उक्त बाते कहीं। उन्होने कहा कि मैंने अपने वार्ड भ्रमण के दौरान यह देखा है कि शहर के बीच में बनाये गये कचरा डम्पिंग यार्ड तथा प्रायमरी कलेक्शन सेंटर की संख्या में कमी आयी है इसके लिए आप सब बधाई के पात्र हैं। इसके बाद भी कुछ प्रायमरी कलेक्शन सेंटर अभी भी रहवासी क्षेत्रों में मौजूद हैं जिसे खत्म करना होगा। नाली से निकलने वाले कचरों का ढ़ेर यदाकदा सुबह से शाम तक पड़े हुए दिखाई पड़ते हैं जो शहर के स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं है सफाई गाड़ी नाली सफाई की टोली के साथ चलनी चाहिए और नाली से निकलने वाले कचरे को तुरन्त उठाना चाहिए। महापौर ने सफाई अमले से कहा कि शहर की सफाई आप लोग योजना बनाकर करें नागरिकों को पता होना चाहिए कि मेरे वार्ड की सफाई किस दिन और कब होगा। इसके लिए आवश्यक है कि वार्ड में सार्वजनिक स्थलों पर उस क्षेत्र के सुपरवाईजर तथा सफाई मित्र स्वच्छता निरीक्षक को मोबाईल नम्बर एवं नाम का बोर्ड बनाकर वार्डों में लगायें। सफाई के लिए सबकी जिम्मेदारी तय हो आने वाले समय में स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी अहम और महत्वपूर्ण होगी। भिलाई की जनता पेयजल और मोहल्ले की सफाई के लिए बहुत उम्मीद से निगम की ओर निहारता है जिसपर खरे उतरना निगम के स्वास्थ्य विभाग की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिन्हे जो कार्य सौंपे गये हैं वे पुरी ईमानदारी के साथ करें सौंपे गये कार्य के प्रति हीलहवाला बर्दाश्त नहीं होगा ऐसी स्थिति में शिकायत मिलने पर मैं उस अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए अनुशंसा करने से पीछे नहीं हटूंगा। बैठक में कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को भी महापौर को अवगत कराया विशेष कर निष्ठा ऐप में उपस्थिति को लेकर कर्मचारियों ने अपनी पीड़ा बताई। बैठक में प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, वरिष्ठ

स्वच्छता निरीक्षक अंगीरा शर्मा, व्ही0के0 सेमुवल, महेश पाण्डेय, यशवंत चतुर्वेदी, जगन्नाथ कुशवाहा, महेश मिश्रा, सहित निगम का स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहा।

जन सम्पर्क विभाग